EDII

Rajasthan Patrika

July 16, 2021
Page No.3

विदेश मंत्रालय के सहयोग से पहल

पांच देशों में पहले से चल रहे उद्यमिता विकास केंद्र

भूटान में उद्यमिता विकास में मददगार होगा ईडीआईआई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. भारत के पड़ोसी देश भूटान में भी उद्यमिता (एन्टरप्रेन्योरशिप) को गति देने के लिए गुजरात का भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) मददगार होगा।

विदेश मंत्रालय के सहयोग से गांधीनगर स्थित इस संस्थान ने भूटान में उद्यमिता विकास केन्द्र शुरू करने के लिए कवायद शुरू की है। संस्थान की ओर से अब तक पांच देशों में उद्यमिता विकास केन्द्र शुरू कराए गए हैं, जिनमें कंबोडिया, लाओस, म्यांयार, वियतनाम और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। भूटान छठा देश होगा। इसके लिए हाल ही में ईडीआईआई की ओर से भूटान में उद्यमिता विकास केन्द्र स्थापित के लिए क्षमता और जरूरतों के संदर्भ में जरूरी जानकारी का आदान प्रदान करने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में भूटान की शाही सरकार के आर्थिक मामलों के मंत्री लायन्पो लोकनाथ शर्मा, भूटान में भारत की राजदूत रुचिरा कम्बोज, संस्थान के पदाधिकारी और भूटान से वहां के 25 नीति निर्माता भी शामिल हुए।

ईडीआईआई के प्रोजेक्ट्स विभाग (सरकारी) के निदेशक एसबी सरीन, प्रोजेक्ट विभाग (कॉर्पोरेट) के डॉ. रमण गुजराल ने कहा कि भूटान में इस सेंटर की स्थापना के लिए हमें पहले उद्यमिता का प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की दृष्टि से मांग और आपूर्ति को समझना होगा।

मिलेंगे नए अवसर

कार्यशाला में मंत्री लायन्पो शर्मा ने कहा कि भूटान एक ऐसा देश है जिसके युवा कभी कभार ही विदेश में जाते हैं। ऐसे में युवाओं के लिए नए अवसरों को सृजित करना जरूरी है। उद्यमिता काफी मददगार साबित हो सकती है। उनके लिए खुशी की बात है कि भारत सरकार के जरिए ईडीआईआई के जरिए उद्यमिता विकास केन्द्र शुरू करने में मदद की जाएगी।

भूटान में आर्थिक विकास को भी गति देने में होगा मददगार

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि भूटान में स्थापित होने जा रहा उद्यमिता विकास केन्द्र भूटान के युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में मार्गदर्शन देने के साथ मौजूदा उद्यमों के विकास को भी बढ़ावा देने में मददरूप होगा। इस सेंटर को स्थापित करने की संभावनाओं के लिए एक अध्ययन किया जाएगा। जो औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन, संपूर्ण आर्थिक विकास की दृष्टि से भूटान सरकार के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकता है।